आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 16.06.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां ज़ोरों पर।
- गृह मंत्री ने की आगामी जनगणना की तैयारियों की समीक्षा।
- नवाचार और शोध की सुगमता को सुगम बनाने के लिए नीतिगत सुधारों की श्रृंखला की घोषणा ।
- टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने प्लास्टिक के विरूद्ध किया जागरूकता कार्यक्रम ।

<><><><><><><>

भारत में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के एक दशक पूरे होने की तैयारियां चल रही हैं, ऐसे में ग्यारहवें संस्करण के लिए राष्ट्रीय आयोजक के रूप में चुने गए विशाखापत्तनम शहर में आयुष मंत्रालय और आंध्र प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा एक व्यापक क्षेत्र दौरा और उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह समीक्षा ऐसे समय में हुई है, जब प्रधानमंत्री द्वारा देश के सभी व्यक्तियों तक योग पहुंचाने के लिए की गई अपील के कारण पूरे देश में तैयारियां जोर पकड़ रही हैं। आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा और आंध्र प्रदेश सरकार के विशेष मुख्य सचिव श्री के. विजयानंद के नेतृत्व में तैयारियों का निरीक्षण किया गया। आर के बीच, ऋषिकोंडा बीच, आंध्र विश्वविद्यालय और जी आई टी ए एम विश्वविद्यालय जैसे ये स्थल न केवल मुख्य योग प्रदर्शन की मेजबानी करेंगे, बल्कि सांस्कृतिक, शैक्षिक और कल्याण गतिविधियों के केंद्र के रूप में भी काम करेंगे, जो प्रधानमंत्री के योग को एक जन–केंद्रित आंदोलन के रूप में देखने के विजन के अनुरूप है। समीक्षा के दौरान अंतर–विभागीय समन्वय, एकत्रित करने संबंधी रणनीतियों, सुरक्षा प्रोटोकॉल और सांस्कृतिक एकीकरण पर विस्तृत चर्चा की गई। आंध्र प्रदेश के प्रयासों के केंद्र में ''योगांध्र'' पहल है, जिसका उद्देश्य पूरे राज्य में दो करोड़ से अधिक नागरिकों के लिए योग को दैनिक अभ्यास में बदलना है।

<><><><><><><>

गृह मंत्री अमित शाह ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय गृह सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आगामी जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की। श्री शाह ने कहा कि जनगणना की अधिसूचना आज राजपत्र में जारी की जाएगी। जनगणना में पहली बार जाति गणना भी शामिल होगी।

गृह मंत्री ने कहा कि चौंतीस लाख गणनाकार और पर्यवेक्षक तथा लगभग एक लाख तीस हज़ार जनगणना अधिकारी अत्याधुनिक मोबाइल डिजिटल गैजेट के साथ इस कार्य को अंजाम देंगे। जनगणना दो चरणों में की जाएगी। पहले चरण में घरों की सूची बनाने का कार्य किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं का विवरण एकत्र किया जाएगा। दूसरे चरण में जनसंख्या गणना के लिए प्रत्येक घर में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जनसांख्यिकीय, सामाजिक–आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य जानकारी एकत्र की जाएगी। आगामी जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करके डिजिटल माध्यम से की जाएगी। लोगों को स्व–गणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा। संग्रह, प्रेषण और भंडारण के समय डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बहुत कड़े डेटा सुरक्षा उपाय किए जाएंगे।

<><><><><><><>

भारत में शोध के माहौल को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से एक प्रमुख नीतिगत बदलाव में, केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री, पृथ्वी विज्ञान और प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कल "नवाचार की सुगमता" और "शोध की सुगमता" को बढ़ाने के लिए नीतिगत सुधारों की एक श्रृंखला की घोषणा की। इसमें देश भर के नवोन्मेषकों, शोधकर्ताओं, विद्वानों, वैज्ञानिकों और संस्थानों को लंबे समय से प्रतीक्षित राहत मिलेगी। डॉ. जितेंद्र सिंह ने उन निर्णयों के बारे में बताया, जो शैक्षणिक और शोध संस्थानों को उनके दिन–प्रतिदिन के कामकाज में सबसे अधिक आने वाली बाधाओं में से कई को हटाने में सक्षम बनाएंगे। विशेष रूप से खरीद में देरी और वित्तीय आधार के आसपास। घोषित किए गए सबसे महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक संस्थागत प्रमुखों को खरीद शक्तिया देना है। वैज्ञानिक संगठनों के निदेशकों और विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को अब विशेष शोध उपकरणों और सामग्रियों के लिए गैर–जी ई एम खरीद करने का अधिकार दिया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के अध्यक्ष एम विनोद के नेतृत्व में आटो के सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शून्य अपशिष्ट पर्यटन–एक सतत लक्ष्य पर जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। संवाद सत्र, जागरूक वार्ताएं और पर्यटन के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, स्वच्छ पर्यटन स्थलों को स्वच्छ रखना और टूर ऑपरेटर्स तथा अतिथियों के बीच बेहतरीन संबंध स्थापित करने पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि एम विनोद ने की, जबकि श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के अधीक्षण अभियंता अविनाश कुमार सिंह और आटो के महासचिव के. हमज़ा कार्यक्रम में उपस्थित थे। वक्ताओं ने स्वच्छ भारत मिशन के बारे में विस्तार से बात की और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने पर जोर दिया, जिससे प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह से बंद हो सके। कार्यक्रम में जूलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, अंडमान निकोबार रीजनल सेन्टर के रिसर्च स्कॉलर और स्टाफ उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

तीन वर्षीय जनरल नर्सिंग और मिडवाइफरी कोर्स में प्रवेश के लिए अंडमान निकोबार प्रशासन के कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल पर सोलह जून से दस जुलाई तक स्थानीय उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि दस जुलाई रात बारह बजे तक है। प्रवेश के लिए पात्रता के विषय में वेबसाइट पर पूरी जानकारी उपलब्ध है। संस्थान द्वारा कोई भी आवेदन ऑफलाइन स्वीकार नहीं किया जाएगा। स्कूल ऑफ नर्सिंग की वेबसाइट और नोटिस बोर्ड पर अस्थाई मेरिट सूची पन्द्रह जुलाई को प्रकाशित की जाएगी। दावे और आपत्तियां पन्द्रह से उन्नीस जुलाइ तक दोपहर एक बजे तक प्राप्त की जाएंगी। अंतिम मेरिट सूची तेईस जुलाई को लगाई जाएगी और काउंसिलिंग तीस जुलाई को जी बी पंत अस्पताल में आयोजित की जाएगी ।

<><><><><><><>

इक्कीसवें दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय ओपन शतरंज टूर्नामेंट दो हजार पच्चीस में लगभग बीस देशों के ढाई हजार से अधिक खिलाड़ियों ने विभिन्न रेटिंग श्रेणियों में भाग लिया। इसमें द्वीपसमूह के लगभग पन्द्रह युवा खिलाड़ियों ने इस टूर्नामेंट में भाग लिया और श्रेणी ए और सी दोनों ही स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन किया। श्रेणी सी स्पर्धा में श्रेष्ठ विजय डी ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए 'उत्तर पूर्व और अंडमान के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' श्रेणी में दूसरा स्थान हासिल किया। श्रेणी ए के ग्रैंडमास्टर सेक्शन में आर. कस्तूरी बाई ने पचास से अधिक एलो रेटिंग अंक प्राप्त किए और दो हजार की लाइव फीडे रेटिंग को पार कर लिया। इसके साथ ही, वह महिला कैंडिडेट मास्टर खिताब के लिए पात्र हो गई हैं और फीडे प्लेयर का खिताब हासिल करने वाली इस क्षेत्र की पहली खिलाड़ी बन गई हैं।

<><><><><><><>

अंडमान सागर और अंडमान निकोबार द्वीपसमूह पर पैंतीस से पैंतालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से तेज हवाएं चलने की संभावना है। इन हवाओं की गति पचपन किलोमीटर प्रतिघंटे तक पहुंच सकती है, जिसके कारण समुद्र की स्थिति बहुत खराब होने की आशंका है। मछुआरों को सलाह दी जाती है कि वे उन्नीस जून तक समुद्र के आस–पास न जाएं।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र के लिए पवन ऊर्जा भारत की रणनीति के केन्द्र में हैं–केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के इस कथन को द्वीप समाचार ने अपनी पहली हेडलाइन बनाई है। द डेली टेलीग्राम्स ने ई–श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों से तीस जून तक दावे पेश करने की अपील के समाचार को प्रमुखता से छापा है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने सांसद बिष्णु पद रे की गृह मंत्री से मुलाकात के समाचार को अपने प्रथम पृष्ठ में जगह दी है। इक्कीसवें दिल्ली इंटरनेशनल ओपन शतरंज टूर्नामेंट में अंडमान के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के समाचार को इंफो इंडिया ने पहले पन्ने के निचले भाग में छापा है।

<><><><><><><>